an>

Title: Need to establish a Krishi Vigyan Kendra at Singrauli district, Madhya Pradesh.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी) ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के नव सृजित जिला सिंगरौली की ओर दिलाना चाहती हूँ।

विन्ध्य क्षेत्र के नाम से जाना जाने वाला यह क्षेत्र ऊर्जा व खनन के क्षेत्र में देश में बड़ा स्थान रखता है किन्तु आवश्यकता है तो मूल-भूत आवश्यकताओं को पूरा करने की।

आज भी यह क्षेत्र कृषि विकास में काफी पीछे है। यहाँ तक कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की शाखा कृषि विज्ञान केन्द्र भी इस जिले में अब तक नहीं है, जिसके लिए जिला प्रशासन ने भूमि भी आवंटित कर रखी है व जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर को प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है।

अतः मेरा कृषि मंत्री जी से अनुरोध है कि सिंगरौली में कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना करने की कृपा करें।